### एक नजर में



### गीता ज्ञान हमें कर्म का मार्ग दिखाता : राजस्व मंत्री

**सीहोर.** नगर स्थित जगदीश मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्णा पर्व एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए और भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की. इस दौरान विक्रमादित्य शोधपीठ उज्जैन की ओर से आए भजन गायक अनुराग त्रिपाठी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर केंद्रित भजनों की प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, कर्तव्य और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. हमें उनके जीवन से यह सीख लेनी चाहिए कि जीवन के हर संघर्ष का समाधान धैर्य, नीति और प्रेम से किया जा सकता है. आज के समय में अनेक चुनौतियों और संकटों का सामना करने में गीता ज्ञान हमारा मार्ग प्रशस्त करता है. इस अवसर पर सत्री महाजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे.




### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में मना कृष्ण जन्मोत्सव

**सीहोर.** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कृष्ण महोत्सव आयोजित किया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि यदि हमारा प्रत्येक कदम सही और सच्चा होगा, हम कर्म में ही आनंद का अनुभव करेंगे तो यह निश्चित है की प्रकृति हमें उतने ही सच्चे परिणाम देगी और जीवन में सफलता हर कदम पर साथ रहेगी. इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के भजन, गीत तथा नृत्यों की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में डॉ तृप्ता झा, डॉ शीलचंद्र गुप्ता एवं अनेक विद्यार्थी शामिल थे.



### रोटरी क्लब मनाएगा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

**सीहोर.** दिव्यांग बच्चों के लिए, दिव्यांग दिवस या अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस जैसे पर्व मनाए जाते हैं, जो उनके अधिकारों, क्षमताओं, और समाज में समावेश के महत्व को उजागर करते हैं. आगामी 3 सितंबर को रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में 3 सितंबर को दिव्यांग दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है. रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया था. रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं होता है. क्लब के द्वारा दिव्यांग दिवस मनाया जाएगा, इसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है.मुख्य उद्देश्य समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है

# राजनगर पुलिस ने स्नेचिंग की 2 वारदातों का किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर, 17 अगस्त. थाना राजनगर पुलिस ने हाल ही में हुई दो झपटमारी ( स्नेचिंग ) की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए 10-10 हजार के इनामी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब दो लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है, जिसमें सोने की चेन, दो पर्स, तीन मोबाइल, नगद राशि, दो बाइक और एक अवैध देशी कट्टा शामिल है.**



कुछ दिन पहले राजनगर क्षेत्र के मुक्तिधाम और महोबा रोड पथरिया तिराहा के पास दो स्नेचिंग की घटनाएं हुई थीं. फरियादियों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था. पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य जुटाकर और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया. इस कार्रवाई को एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजनगर निरीक्षक परसराम डाबर और साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर सहित पूरी पुलिस टीम की अहम भूमिका रही. आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और आगे की विवेचना जारी है. आरोपियों कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ केसी राजा पिता पंचम सिंह अमित कुशवाहा पिता रमसू कुशवाहा अखिलेश कुशवाहा पिता नत्थू कुशवाहा संतोष पाल पिता राम प्रसाद पाल (रैकी करने वाला) सभी आरोपी ग्राम गोपालपुरा थाना कोतवाली के निवासी को गिरफ्तार किया है. बरामद सामग्री में सोने की चेन, दो पर्स, तीन मोबाइल फोन, नगद राशि एक 315 बोर का देशी कट्टा व कारतूस और दो बाइक जब्त किया.

## पॉश कॉलोनी में एक साथ 5 घरों के टूटे ताले, चोर भगवान की मूर्तियां भी ले गए

- सीसीटीवी फुटेज में 5 बदमाश कैद, जांच शुरू

**छतरपुर, 17 अगस्त. ओरछा रोड थाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी पेप्टेक टाउन में शनिवार देर रात 2.30 बजे बड़ी वारदात हुई. सैक्टर-4 में एकसाथ पांच घरों में चोरी हुई है. चोरों ने लाखों रुपए के गहने व नकदी उड़ा ली.**



इस दौरान शिक्षिका आरती पाठक के घर से ही करीब 25 से 30 लाख रुपए के जेवरात और नगदी चोरी हो गई. चोर भगवान की मूर्तियां तक ले गए. आरती पाठक जन्माष्टमी मनाने मथुरा-वृंदावन गई हुई थीं. रविवार सुबह जब वे लौटीं तो घर का ताला टूटा मिला. दरवाजे और अलमारी खुले पड़े थे. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में 4 से 5 चोर कैद हुए हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि पेप्टेक टाउन छतरपुर की पॉश कॉलोनी है, जहां बड़े अधिकारी रहते हैं. ऐसे इलाके में एकसाथ पांच घरों में चोरी ने रहवासियों में भय और दहशत का माहौल बना दिया है.

## धर्मांतरण गतिविधियों की भनक लगने पर की छापामार कार्रवाई

**सीहोर.** जिला मुख्यालय के हाउसिंग बोर्ड कालोनी के मकान में धर्मांतरण होने की जानकारी मिलने पर बजरंग दल कार्यकर्ता पुलिस को लेकर पहुंचे. मकान को बंद कर उसमें प्रार्थना की जा रही थी. एक पुलिसकर्मी सहित विभिन्न धर्मों के लोग प्रार्थना सभा में शामिल थे. पुलिस सभी को पूछताछ के लिए थाना कोतवाली लेकर आई है.

जानकारी के अनुसार बजरंग दल विहिप के कार्यकर्ताओं को भनक लगी थी कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी के एक मकान में अवैध रूप से धर्मांतरण का काम किया जा रहा है. उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी और उनके साथ वह मौके पर पहुंचे. वहां पहुंचकर जब मकान के दरवाजे खुलवाए गए तो उसमें कई महिलाएं और बच्चों के अलावा एक पुलिसकर्मी प अन्य लोग मौजूद थे. डायस पर खड़ा होकर एक व्यक्ति बाइबल के माध्यम से उपदेश दे रहा था. जब्बार खान नामक इस व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि मकान उसी का है और वह दो साल से लोगों के साथ प्रार्थना करता है. उसने धर्मांतरण की गतिविधियों से साफ इंकार किया.

## खुले में पशु छोड़ने वाले पांच पशुपालकों पर एफआईआर



- कलेक्टर पार्थ जायसवाल के आदेश पर कार्रवाई

**छतरपुर, 17 अगस्त. छतरपुर जिले में खुले में पशु छोड़ने वालों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. धमौरा गांव के 5 पशुपालकों पर एफआईआर दर्ज की गई है.**

13 अगस्त को एसडीएम अखिल राठौर, सीईओ, सचिव और पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने निरीक्षण किया था. इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई पशु खुले में घूमते मिले. प्रशासन ने कई बार पशुपालकों को समझाया था कि पशुओं को सड़क पर न छोड़ें, क्योंकि इससे दुर्घटनाओं का खतरा रहता है. लेकिन चेतावनी के बाद भी कुछ लोग अपनी आदत से बाज नहीं आए. कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देश पर जिन पशुपालकों पर कार्रवाई हुई है, उनके नाम हैं देवेंद्र यादव, भगवानदास कुशवाहा, ओमप्रकाश यादव, राकेश तिवारी और सुनीता यादव. ये सभी धमौरा गांव के निवासी हैं. इन पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. प्रशासन का कहना है कि अब सड़क पर खुले में पशु छोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी.

## लापता अर्चना की तलाश में खंगाली जा रही रेल ट्रेक

**बुधनी.** कटनी निवासी युवती अर्चना तिवारी मिसिंग मामले में सुराग तलाशने के लिए पुलिस की पहल पर वन विभाग और रेलवे की संयुक्त टीम ने रविवार को सर्च ऑपरेशन चलाया. अधिकारियों की यह विशेष टीम करीब 25 किलोमीटर लंबे रेलवे ट्रैक पर अलग-अलग हिस्सों में सर्चिंग करती नजर आई. गौरतलब है कि अर्चना गत 7 अगस्त को ट्रेन यात्रा के दौरान अचानक लापता हो गई थी. चार गाड़ियों के काफिले में पहुंची संयुक्त टीम ने रेलवे ट्रैक से लगे जंगल और ऊबड़-खाबड़ रास्तों की गहन तलाशी ली. इस दौरान अधिकारियों को कई जगह बड़ी जद्दोजहद का सामना करना पड़ा. उफनते नाले से गुजरते समय अधिकारी भीगते और संघर्ष करते नजर आए.

# सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से युवा पीढ़ी को जोड़ना हमारा संकल्प

- छतरपुर में जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन
- राज्यमंत्री, कलेक्टर और विधायक हुई शामिल

**छतरपुर, 17 अगस्त. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर छतरपुर का लड्डू गोपाल मंदिर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा. शनिवार रात 10.30 बजे आयोजित इस भव्य जन्मोत्सव में प्रदेश के राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, कलेक्टर पार्थ जायसवाल और विधायक ललिता यादव ने विशेष रूप से भाग लिया.**



कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहे और जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से वातावरण भक्तिरस में डूब गया. राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने इस दिन को हिंदू समाज के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी महोत्सव बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है. सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से युवा पीढ़ी को जोड़ना हमारा संकल्प है. वहीं, विधायक ललिता यादव ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का संदेश हमें सिखाता है. कर्म करते रहो, फल की चिंता मत करो और अन्याय का विरोध करो. आज पूरे देश व प्रदेश में जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाई जा रही है.

## उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**सीहोर.** उत्कृष्ट विद्यालय में देश भक्ति गीतों और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम में इनरव्हील अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय और रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाइयां दी. इसी उपलक्ष्य में इनर व्हील क्लब और रोटरी क्लब ने देशभक्ति गीतों व चित्रकला का आयोजन किया. क्लब की तरफ से पुरस्कार वितरण किए गए. इस प्रोग्राम में इनर व्हील सचिव सीमा व्यास, तारा अग्रवाल, बीना कुरियन, नीति ठकराल, आरती ठकराल प्रमिला सिसोदिया, संतोष अग्रवाल आदि शामिल रहीं.

# लव जिहाद के विरोध में नगर रहा शत-प्रतिशत बंद




- पहचान छुपाकर युवती का कर रहा था शोषण
- आरोपी के घर व दुकान पर बुलडोजर चलाने की मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 अगस्त. जिला मुख्यालय के समीपस्थ इछावर तहसील मुख्यालय रविवार को पूरी तरह बंद नजर आया. लव जिहाद के विरोध में किए गए नगर बंद के आव्हान पर दुकानें शत- प्रतिशत बंद रहीं. इस दौरान उत्तेजित भीड़ ने लव जिहाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोपी के घर और संस्थान पर बुलडोजर चलाने की पुरजोर मांग भी की.**

गौरतलब है कि हाल ही में जिला मुख्यालय स्थित नदी चौराहे पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक युवक व युवती को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था. उनका आरोप था कि उक्त मुस्लिम युवक हिंदू नाम रखकर युवती को भ्रमित कर उसका शोषण कर रहा था. जांच के दौरान आरोपी मोहसिन भोपाल के निशातपुरा निवासी पाया गया और उसकी रिश्तेदारी इछावर तहसील मुख्यालय पर भी पाई गई है. पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान युवती ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई जिस पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था. जानकारी मिलने के बाद से ही इछावर नगर में लव जिहाद को लेकर आक्रोश का माहौल बना हुआ था. हिंदू संगठनों द्वारा रविवार को नगर बंद का आव्हान किया गया था. एक दिन पहले हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नगर में घूमते हुए नागरिकों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की गई थी. रविवार को बंद का आव्हान देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था.

### लव जिहाद के आरोपी की दुकान का अतिक्रमण हटाया

मामले में एसडीएम जमील खान ने प्रदर्शनकारियों को बताया कि अभी फिलहाल आरोपी द्वारा नगर परिषद की दुकान पर जो अवैध कब्जा किया है उसे हटवाया जा रहा है. उसका मंडी में जो लायसेंस है उसको भी निरस्त करवा रहे हैं. बाकी घर का अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई भी शीघ्र की जाएगी. शाम को प्रशासन का अमला आरोपी की दुकान पर पहुंचा. वहां का सारा सामान हटाने के बाद दुकान का अवैध टीनशेड तोड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया.

# पुलिस के हत्थे चढ़े लूटकांड के छह आरोपी

**रेहटी.** उपचार के बहाने नागपुर के निवासी को बुलाकर उसके साथ लाखों की लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आधा दर्जन आरोपियों को पुलिस ने एक ही दिन में दबोचते हुए उनके कब्जे से लाखों रुपए की नगदी और जेवरात जब्त किए हैं.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर महाराष्ट्र निवासी पिंटू उर्फ दुर्गादास साकोरे ने गत 15 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह सलकनपुर में एक व्यक्ति से उपचार कराने आया था. आरोपी ने उसे बहाने से सुनसान स्थान पर बुलाकर अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी कार के पास लूट की वारदात को अंजाम दिया है. उसका कहना था कि बदमाश उसके पास से ढाई लाख रुपए नगद, ढाई तोला सोने की चैन आदि लूटकर ले गए.

पुलिस ने तत्परता बरतते हुए कार से जा रहे प्रकाश नाथ उर्फ गोस्वामी, सुन्दर नाथ, शिवनाथ, सुरेन्द्र सारवाना, देवेन्द्र नाथ और भुजवल नाथ नामक आरोपियों को पकड़ते हुए उनसे पूछताछ की तो उन्होंने लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया. आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटी गई नगदी और चैन बरामद किया.

# फिर बदला मौसम का मिजाज, बारिश का आंकड़ा दोगुना



**छतरपुर, 17 अगस्त. छतरपुर जिले में मौसम ने अपना रंग बदल दिया है. शनिवार की शाम को 0.2 मिमी हल्की बारिश दर्ज की गई, जिसके बाद रविवार को तेज धूप निकल आई. इस दौरान न्यूनतम तापमान 25 डिग्री और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया.**

मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का रहेगा. आसमान में हल्के काले बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है.

**बारिश का ताज़ा आंकड़ा :** इस साल 1 जुलाई से 17 अगस्त तक जिले में 1081.6 मिमी (42.6 इंच) बारिश दर्ज की गई. पिछले वर्ष इसी अवधि में सिर्फ 565.3 मिमी (22.3 इंच) बारिश हुई थी. रविवार को छतरपुर में 0.2 इंच और बक्सवाहा में 1 इंच बारिश दर्ज की गई. लवकुशनगर, बिजावर, नौगांव, राजनगर, गौरिहार और बड़ामलहरा में बारिश नहीं हुई. जिले का औसत 4.1 मिमी बारिश दर्ज की गई.

**फसलों पर भी असर :** तिलहन की फसल को 80 फीसदी तक का नुकसान हुआ है. वहीं, सोयाबीन और मूंगफली की फसल अभी सुरक्षित बताई जा रही है.

## नवोदय में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर.** जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सत्र 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए है. यह प्रक्रिया पूर्णत: ऑनलाइन होगी जिसका आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाईट पर दिए गए लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं. पंजीयन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है. कक्षा 9वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होना चाहिए. इसी प्रकार कक्षा 11वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए

धार्मिक | बुधनी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मंदिरों में हुए आयोजन

# दिन में निकला चल समारोह, रात को मंदिरों में गूंजे घंटे-घड़ियाल

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** नगर में जन्माष्टमी पर्व पर नगर के प्राचीन मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर विशेष पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राधा कृष्ण मंच के तत्वाधान में विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें विधायक रमाकांत भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में सर्वप्रथम नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में विराजित भगवान श्री कृष्ण की पुजा अर्चना की गई इसके पश्चात् विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई जिसमे भगवान श्री कृष्ण राधा जी के साथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण कर दर्शन दे रहे थे शोभायात्रा में अखाड़े और झाकियां शामिल हुईं तो वहीं ढोल ढमाके की धुन पर श्रद्धालु थिरक रहे थे. शोभायात्रा का नगर में जगह जगह विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तो कई जगह जलपान करवाया गया. शोभायात्रा का समापन नगर की गोकुलधाम कालोनी में स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर हुआ. इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा नेता अर्जुन



मालवीय, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष तुलसीराम मसानिया, श्री राधा कृष्ण मंच के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, रामेश्वर यादव, लेखराम यादव, विजय सिंह राजपूत, राजेश पाल, भूपेंद्र यादव, जयराज जुगानी, आशीष निगोटे, पवन यादव, किशन मालवीय, नगर परिषद उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, पवन चंद्रफेरी, अजय यादव, विनोद शिवहरे, मनीष बाजपेई, अजीत सिंह राजपूत, मांगीलाल यादव, दीपक यादव, भानु प्रताप यादव, रघुवीर यादव, कृष्णा यादव, योगेश मालवीय, मुकेश यादव, कमलेश यादव, माखन यादव, विशाल खत्री, श्रीकांत शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, प्रमोद चौहान, प्रमोद यादव, श्रवण यादव आदि उपस्थित रहे. इसके अलावा अन्य मंदिरों में भी देर रात तक भजन- कीर्तन होते रहे.